हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

28 मार्च 2025, समय 1810

- हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आज अनिश्चित काल के लिए उठा दिया गया। आखिरी दिन सदन द्वारा राज्य गीत पर रखा गया प्रस्ताव सर्वसमिति से पारित किया गया।
- हरियाणा के  रेवाड़ी में सरसों का उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जाएगा।
- हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डा एम. रवि किरण ने  कहा कि हिसार मंडल के सभी छः जिलों में मादक पदार्थों की मांग और आपूर्ति को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परसों आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- अंबाला पुलिस ने एक अंतर राज्यीय साइबर ठग गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया। भारी मात्रा में नकदी और नोट गिनने की मशीने बरामद की।

****************************************************************

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आज अनिच्छित काल के लिए उठा दिया गया। सत्र के 12वें और अंतिम दिन की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई।हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन हरियाणा को अपना राज्य गीत मिल गया। सदन में राज्य गीत के चयन पर गठित समिति द्वारा राज्य गीत पर रखा गया प्रस्ताव ध्वनि मत से सर्वसम्मति से पारित हुआ। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस गीत को मूर्तरूप देने वाले सभी गणमान्यों का आभार व्यक्त किया और इसे 2 करोड़ 80 लाख लोगों की भावनाओं में जोश भरने वाला गीत बताया।

श्री नायब सिंह सैनी ने सुझाव देते हुए कहा कि जिस प्रकार हमारे राष्ट्रगान के लिए नियम एवं मानदंड निर्धारित हैं, उसी प्रकार हमारे इस राज्य गीत के लिए भी कुछ नियम व मानदंड निर्धारित किए जाएंगे।बजट सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। जिनमें हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक 2025, हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2025 शामिल हैं।

*************************************************************

हरियाणा के रेवाड़ी में सरसों का उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा डहीना -कव्वाली गांव में भी बीज बिक्री केंद्र खोलने का प्रस्ताव है।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने यह जानकारी सदन में दी।उन्होंने बताया कि कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के अनुरोध पर रेवाड़ी के टोहाना में सरसों का उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना के लिए प्रस्ताव पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है तथा इसका विस्तृत प्रारूप तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना लगभग 20 एकड़ भूमि पर होगी। विभाग के पास रेवाड़ी-झज्जर सड़क पर लगभग 23 एकड़ भूमि उपलब्ध है।

*************************************************************

हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने खेतों से पानी निकालने संबंधी एक परियोजना तैयार की है जिसमें जलमग्न क्षेत्र में सौर पैनलों के साथ 20 उथले नलकूप लगाएं जाएंगे। जिस पर 2 करोड़ 65 लाख रुपये से अधिक लगत आएगी। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि यह कार्य संबंधित एजेंसी को आवंटित कर दिया गया है।इस परियोजना में सिकरोना, काबुलपुर बांगर, मोहल्ला, लाधियापुर और फिरोजपुर कलां गांवों का पानी काबुलपुर लिंक ड्रेन में, हरफला, मोहल्ला और भनकपुर गांवों का पानी गोंछी ड्रेन में और सेहरला गांव का पानी फरीदाबाद जिले के सेहरला ड्रेन में गिरेगा। उन्होंने कहा कि यह काम अप्रैल में फसलों की कटाई के बाद शुरू होगा और 30 जुलाई तक पूरा हो जाएगा।

*************************************************************

हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डा एम. रवि किरण ने आज कहा कि हिसार मंडल के सभी छः जिलों में मादक पदार्थों की मांग और आपूर्ति को समाप्त करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।वो पुलिस प्रशासन द्वारा आज जींद जिले के गांव सिंघवाल में नशों के खिलाफ एकजुटता व नशा मुक्त समाज के उद्देश्य की पूर्ति के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।पुलिस प्रशासन और ग्राम पंचायत द्वारा सामुहिक रुप से आयोजित इस कार्यक्रम मे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस प्रभावित गांवों में घर घर जा कर नशों से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान उन्हें काउंसलिंग और उपचार मुहैया करवा रही है। उन्होंने बताया कि जींद जिले के 132 गांवो में सर्वे किया गया है। सर्वे के दौरान 1234 व्यक्तियों की पहचान की है जो नशों की गिरफ्त में हैं। उन्होंने कहा कि 646 नशा पीड़ितों का उपचार शुरु करवाया गया है। उन्होंने बताया कि जींद जिले मे करीब 130 नशा पीडितों ने नशे की लत को छोड दिया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने कहा कि जिन गांवो को नशा मुक्त किया गया है वहां कि पंचायतो को सचेत रहना होगा क्योंकि जो युवा नशे की आदत से छुटकारा पा रहे है उन्हे अच्छे माहौल व सहयोग की लगातार जरुरत है।कार्यक्रम में लगभग 25 गांवो के सरपंचों , पंचायत सदस्यों व गणमान्य व्यक्तियो सहित युवा व मातृ शक्ति ने भारी सख्यां मे
भाग लिया

******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी।श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी

समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी पर हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

*****************************************************************

अंबाला पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है।अंबाला के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि ठगी के एक मामले कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि अंबाला पुलिस ने पकड़े गए युवकों से लाखों रुपए की नगदी ,कई एटीएम कार्ड ओर नोट गिनने की मशीने बरामद की हैं। सभी आरोपियों का रिमांड पर लिया गया है।

*****************************************************************

हरियाणा ओलंपिक संघ 30 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की गई।

हमारी संवाददाता के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए हरियाणा केनोइंग खेल एसोसिएशन के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल , महासचिव पद पर पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार , उपाध्यक्ष पद पर गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने पर्चा दाखिल किया। जबकि सह सचिव पद पर हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप से दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के खेल अधिकारी रविंदर पन्नू, उपाध्यक्ष पद पर पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के भाई सतपाल संधू, कोषाध्यक्ष के लिए मंजीत सिंह और अन्य पदों के लिए छह आईएएस अधिकारियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने नामांकन भरे हैं।

*****************************************************************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदक पहली अप्रैल से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

मंत्रालय के बयान के अनुसार भारत में रहने वाले ऐसे बालक जो स्वदेशी नागरिक हैं और 31 जुलाई 2025 तक 5 वर्ष से 18 वर्ष के बीच के आयु वर्ग में शामिल हैं, वे ही इन पुरस्कारों के लिए पात्र होंगे। मंत्रालय बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला और संस्कृति में उपलब्धियों के लिए असाधारण बालक-बालिकाओं को सम्मानित करने के लिए हर साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन करता है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।